


बरेली, गुरुवार, 5 दिसंबर 2024 06

शहर 30s

यूनिवर्सिटी में बांटे गए टेबलेट व स्मार्टफोन

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जागरूक किया गया।

बरेली। रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में स्मार्टफोन तथा टैबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ। विभाग तथा संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. तूलिका सक्सेना ने बताया की 50 से ज्यादा विद्यार्थियों को वितरण किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अख्तर हुसैन, प्रोफेसर पीबी सिंह, प्रोफेसर संजय मिश्रा, डॉ. सौरभ वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हेमा वर्मा, डीएस नेगी, मुकेश कुमार और वैशाली विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुनील कुमार, विजय कुमार अग्रवाल, पारस संतोषी, आजाद हुसैन, विशाल गौतम, दिलीप कुमार, सचिन वर्मा, पुष्पेंद्र मौर्य, नेहा कठेरिया आदि मौजूद रहे।






प्रबंधन विभाग के 50 छात्रों को मिला स्मार्टफोन

# SMARTPHONE AND TABLET DISTRIBUTION

# होटल मैनेजमेंट छात्र-छात्राओं ने किया होटल रेडिसन का भ्रमण

**बरेली(एसएनबी)।** होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी विभाग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर होटल रेडिसन गए। महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के बैचलर्स ऑफ होटल एंड कैटरिंग मैनेजमेंट के छात्रों को होटल रैडिसन का इंडस्ट्रियल टूर करवाया गया। विभाग की हेड एंड डीन प्रोफ. डॉ.तूलिका सक्सेना ने इस इंडस्ट्रियल विजिट की रूपरेखा पर काम किया और 50 से अधिक छात्र-छात्रों को होटल इंडस्ट्री कैसे काम करती है उसकी प्रैक्टिकल जानकारी सीखाने की पहल की। इस दौरान विभाग से डीएस नेगी, हेमा वर्मा, सचिन, मुकेश कुमार, विशाल, विजय अग्रवाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे। होटल की ओर से एमडी मेहताब सिद्दीकी ने छात्र छात्राओं को बधाई संदेश भेजा। जीएम संतोष पलाथि ने कोआर्डिनेट कर कार्यक्रम को सफल बनाया।





**HOTEL INDUSTRY VISIT**

# MAHATMA JYOTIBA PHULE JAYANTI CELEBRATION – PLANTATION OF TREES

## महात्मा ज्योतिबा फुले 19वीं शताब्दी के महान सुधारक थे



महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर पौधरोपण करते शिक्षक।

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। व्यवसाय प्रबंधन विभाग ने संकायाध्यक्ष प्रो. तूलिका सक्सेना के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रो. संजय मिश्रा, प्रो. पीवी सिंह, एसो. प्रो. सौरभ वर्मा, तपन वर्मा, राघवेंद्र सिंह, वैशाली, रिचा, बाला प्रताप औ मंजुला मौजूद रहे। वहीं महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने पुष्प सुमन अर्पित किए। मुख्य वक्ता रिसर्च एंड स्टडी सेंटर के समन्वयक डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले 19वीं शताब्दी के एक महान समाज सुधारक, दार्शनिक, चिंतक व लेखक थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज और राष्ट्र के उत्थान में लगा दिया था।

उन्होंने शिक्षा व समाज सुधार के क्षेत्र में अनेकों कार्य किए। कार्यक्रम में प्रो. संतोष अरोरा, डॉ. प्रवीण कुमार तिवारी, प्रो. कमल किशोर, डॉ. शशि भूषण तिवारी, डॉ. प्रेम पाल सिंह, डॉ. ललित पांडे और अन्य मौजूद रहे।









**STOCK EXCHANGE – NATIONAL SEMINAR**

दैनिक जागरण बरेली, 27 सि

## रुवि के बिजनेस प्रशासन विभाग में विद्यार्थियों का स्वागत



रुवि में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते अतिथि • सौ.रुवि

जासं, बरेली : एमजेपी रुवि के बिजनेस प्रशासन विभाग में गुरुवार को एमबीए, बीएमएस और बीएचएम एवं सीटी कार्यक्रम के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम हुआ। प्रोफेसर डा . तूलिका सक्सेना और डीन बिजनेस विभाग ने छात्रों को कक्षा में अपने समय का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो . केपी सिंह ने रुवि के परिवार के नए सदस्यों का स्वागत किया। प्रो . एके सरकार ने एक समग्र शिक्षा प्रदान करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला जो उद्योग की प्रासंगिकता और सांस्कृतिक जीवंतता के साथ अकादमिक कठोरता का मिश्रण है। इस मौके पर प्रोफेसर त्रिलोचन शर्मा, बर्नार्ड फर्नांडीज महाप्रबंधक रमाडा समूह, अजय भट्ट जीएम बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड, दिनेश गोयल आदि मौजूद रहे।

# ORIENTATION PROGRAMME - 2024

## नए विद्यार्थियो को ओरियंटेशन प्रोग्राम में शिक्षाविदों ने दिए टिप्स



बरेली(एसएनबी)। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा नए विद्यार्थियो का ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का श्री गणेश विभागाध्यक्ष और संकायाध्यक्ष प्रोफेसर तूलिका सक्सेना द्वारा किया गया इस मौके पर प्रोफेसर तूलिका सक्सेना ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें कोई टिप्स दिए। वही डॉक्टर प्रोफेसर राजेंद्र भारती, प्रोफेसर एम.एल. मौर्य बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी , प्रो. अजय भदौरिया, डीन पीएसआईटी ग्रुप ऑफ हायर एजुकेशन, कानपुर आदि ने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया इस दौरान प्रोफेसर,शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को शिक्षाविदों ने दिए टिप्स

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा नए विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का श्री गणेश विभागाध्यक्ष और संकायाध्यक्ष प्रोफेसर तूलिका सक्सेना द्वारा किया गया इस मौके पर प्रोफेसर तूलिका सक्सेना ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें कोई टिप्स दिए। वहीं डॉक्टर प्रोफेसर राजेंद्र भारती, प्रोफेसर एम.एल.मौर्य बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी, प्रो.अजय भदौरिया, डीन पीएसआईटी ग्रुप ऑफ हायर एजुकेशन, कानपुर आदि ने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया। इस दौरान प्रोफेसर, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



एमजेपीआरयू के ओरिएंटेशन प्रोग्राम में प्रो.तूलिका सक्सेना व उपस्थित गणमान्य। फोटो : एसएनबी






# ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विद्यार्थियों का किया मागदर्शन

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में शुक्रवार को नवीन विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संकायाध्यक्ष प्रो. तूलिका सक्सेना ने विद्यार्थियों का मागदर्शन किया। इसमें विशिष्ट अतिथि प्रो. राजेंद्र भारती पूर्व निदेशक एलबीएस, प्रो. एमएल मौर्य (सेवानिवृत्त) पूर्व प्रमुख प्रबंधन संकाय बुंदेलखंड विविल व प्रो. अजय भदौरिया डीन पीएसआईटी ग्रुप ऑफ हायर एजुकेशन ने छात्र-छात्राओं के साथ अनुभव साझा किए। संवाद






# CAREER COUNSELLING



## रोजगार एवं नवाचार पर व्याख्यान

**BAREILLY:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग में कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया. संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर तूलिका सक्सेना ने कहा कि हमारा शिक्षार्थी उत्कृष्ट शिक्षा हासिल करके समाज में रोजगार एवं नवाचार का भाव पैदा करें जिससे वह समाज की सेवा और भारत को परम वैभव पर ले जा सकें. यह कार्यक्रम प्री-प्लेसमेंट ड्राइव वार्ता और विषय गोष्ठी के साथ आयोजित किया गया. फाउंडर डिजिटल मंत्रा, शिल्पी दीक्षित ने विशेष व्याखान दिया.


FACULTY OF MANAGEMENT
DEPARTMENT OF BUSINESS ADMINISTRATION
ORIENTATION PROGRAMME
MBA (Gen & Marketing) MBA(Part-Time)
BMS- (2023)
25th September 2023
Auditorium
OUR PURPOSE
Making the students acquainted with the subjects, innovative style of learning teaching and also to familiarize students with the departmental system and culture. The Three-Days Orientation program, will be organized for the new entrants in the Department of Business Administration
September 25th
RESOURCE PERSON
Dr. Keshav Kumar Agarwal
Chairman
Bareilly International University
Rohilkhand Medical college
Mr. Tapas Das
Sr. VP, HDFC Bank
Prof. Rajendra Bharti
Former Director ,LBS Bareilly
& Corporate Trainer
Mr. Dinesh Goyal
MD
Rama Shyama Industries
Mrs. Shilpi Dixit
Director Digital Mantra
Mr. Janendra
Corporate Trainer, Alumni ,IIM Ranchi
Mr. Raja Babu
Chief Business Manager
Turtlemint Broking Pvt,Ltd.
PATRON
Prof. K. P. Singh
Hon'ble Vice Chancellor
HEAD & DEAN
Prof. Tulika Saxena
EMINENT FACULTY MEMBERS
Prof. P. B. Singh, Prof. Sanjay Mishra , Prof. Trilochan Sharma, Dr. Saurabh Verma, Prof. A.K. Sarkar , Prof. Raj Kamal, Mr. Alok Saxena, Dr. Namrata Y Das, Dr. Manjula Singh, Dr. Bhawna Saxena, Dr. Priyanka Rastogi, Ms. Varsha, Dr. Romita Khurana, Mr. Rahul Kumar, Ms. Richa Singh, Mr. Bala P Singh, Dr. Nandita Sharma
DELL

UNIVERSITY
ORIENTATION
MME




MJP ROHILKHAND UNIVERSITY
ORIENTATION PROGRAMME


MJP ROHILKHAND UNIVERSITY


NIVERS
ATION &
RAM





MJP
BUSINESS
WELCOMES
MKTG.),
ATION




MJP ROHILKHAND UNIVERSITY
Monday, 25th September 2023


UNIVERSITY
BUSINESS ADMINISTRATION
ORIENTATION
September
Auditorium








सार-संक्षेप

## स्वरोजगार आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी शुरू



## ओरिएंटेशन प्रोग्राम में साझा किए अनुभव



उत्तर प्रदेश

# रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय में नवीन विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

₹61.13

September 26, 2023 Lucknow Tribune




E-Paper

बरेली , 26 सितम्बर। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में कल नवीन विद्यार्थियों के लिये वर्ष 2023-24 का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती वंदना व कुलगीत से हुआ।

## संकाय का कार्य विद्यार्थियों को प्रबंधन में दक्ष बनाना : कुलपति

जासं, बरेली : महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि संकाय विद्यार्थियों को प्रबंधन में दक्षता प्रदान करे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कालेज की समस्त गतिविधियों, संरचनाओं व पाठ्यक्रम से अवगत कराया गया। विभागाध्यक्ष और संकाय अध्यक्ष प्रो. तूलिका सक्सेना ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। तापस दास सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एचडीएफसी बैंक, प्रो. राजेंद्र भारती पूर्व निदेशक एलबीएस, दिनेश गोयल एमडी रामा श्यामा इंडस्ट्रीज, राजा बाबू मुख्य व्यवसाय प्रबंधक टर्टलमिंट ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड, शिल्पी दीक्षित, जनेंद्र कारपोरेट ट्रेनर आइआइएम रांची, प्रो. पुष्पेंद्र किरोड़ीमल कालेज रहे।




**बरेली**

## रुवि के एमबीए छात्रों ने बीएल एग्रो में किया भ्रमण

जासं, बरेली : एमजेपीआरयू के व्यावसायिक प्रबंधन विभाग के छात्रों ने बीएल एग्रो में इंडस्ट्रीयल भ्रमण किया और औद्योगिक संरचना के साथ उत्पादन प्रक्रिया भी जानी। विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर तुलिका सक्सेना के मार्गदर्शन में बीएमएस और एमबीए छात्रों ने बीएल एग्रो इंडस्ट्री का इंडस्ट्रियल विजिट किया।

इस विजिट का उद्देश्य छात्रों को उत्पादन, उत्पादन, प्रयोगशाला, और पैकेजिंग प्रक्रियाओं में व्यावसायिक अनुभव प्रदान करना था। इस दौरान अजय भट्ट जनरल मैनेजर बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज ने छात्रों से प्रश्न और उत्तर सत्र आयोजित किया। जिसमें छात्रों की जिज्ञासा का समाधान किया गया। इस दौरान डा. सौरभ वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, डा भावना सक्सेना, राघवेंद्र, डा. सुनील, रिचा सिंह, और डा. नदिता शर्मा ने छात्रों को मार्गदर्शन किया। विभागाध्यक्ष तुलिका सक्सेना ने चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल, आशीष खंडेलवाल को धन्यवाद दिया।

# INDUSTRIAL VISIT

# ब्रज फिल्म फेस्टिवल ने मचाई धूम

- पहले दिन प्रोफेशनल और शार्ट फिल्म्स का प्रदर्शन
- राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन, भोजपुरी आर्टिस्ट जितेन्द्र कुमार भी हुए शामिल

भास्कर ब्यूरो

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में ब्रज फिल्म फेस्टिवल आज से शुरु हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री अनूप प्रधान ने किया। कार्यक्रम में युवाओं द्वारा बनाई गई 50 से अधिक फिल्में प्रदर्शन के लिए आई है। जिनका प्रदर्शन आज और कल होगा। आयोजकों के मुताबिक प्रथम चरण में कुल 27 फिल्मों का स्कैनिंग आज और कल की जाएगी। फेस्टिवल में युवाओं द्वारा पर्यावरण , रोजगार , सांस्कृतिक , सामाजिक मुद्दों पर फ़िल्में आई है। इनको देखने के बाद विजेता का फैसला किया जायेगा। कार्यक्रम आयोजक राष्ट्रीय स्वयं संघ आरएसएस के महानगर प्रचार प्रमुख आलोक प्रकाश ने बताया कि यह आयोजन विश्व संवाद केंद्र बृज प्रांत,



विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र की ओर से किया जा रहा है। हमारा मकसद क्रिएटिव युवाओं को दिशा देने की है। आज की फिल्मों की स्क्रीनिंग के लिए ज्यूरी में राजश्री मेडीकल कालेज की निदेशक तूलिका अग्रवाल, भोजपुरी फिल्मों के कलाकार कुमार जितेन्द्र, देश के जाने माने ट्रेवल राइटर संजीव जिंदल मौजूद रहे।

इस अवसर पर संघ के बृज प्रांत के सह प्रचार प्रमुख कीर्ति जी, महानगर प्रचारक मयंक साधु, महानगर कार्यवाह विमल कुमार, सह प्रांत प्रचारक धर्मेन्द्र जी, क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख नरेश जी, फिल्म आयाम के सह आयाम प्रमुख यशवंत जी,सीए विनय कृष्ण, डा. शिवम कमथान, डा. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, विश्वविद्यालय की एमबीए विभागाध्यक्ष डा. तूलिका सक्सेना, डा. राघवेन्द्र सिंह, डा. अशोक वैश्य, विशाल चित्रांशी, समेत बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब का दशहरा मेला शुरू

भास्कर ब्यूरो

**बरेली।** रोटरी क्लब बरेली साउथ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विशाल दशहरा मेले का उद्घाटन मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने किया। मेला निदेशक रोहित जिंदल रोटरी क्लब बरेली साउथ के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, सचिव हरीश मलिक ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

मेला परिसर में मां भगवती की अर्चना के बाद मुख्य अतिथि को मेले का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने दशहरे की शुभकामनाएं दी। मेले में आए बच्चों ने जहां फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वही डांस प्रतियोगिता में भी बच्चों ने अपना जलवा बिखरे। आतिशबाजी भी हुई। मेला आयोजन में रवि प्रकाश अग्रवाल, डॉ. रवि मेहरा, विमल मेहरोत्रा, आशीष मेहरोत्रा, उमेश तलवार, अजय जसोरिया, ध्रुव तिलक सहित रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने सहयोग किया।

GLOBAL TV

Visit Bhutan | Be Part of Collaborative effort to bridge the gap between technology and sustainable development | Promising insightful sessions led by distinguished speakers are waiting for you | Global TV

## International Conference on Embracing Artificial Intelligence for Sustainability & Life Skills



# भूटान में पढ़ सकेंगे रुविवि के विद्यार्थी

रॉयल कॉलेज ऑफ भूटान व रुविवि के बीच हुआ समझौता ज्ञापन (एमओयू), मिलकर करेंगे नवाचार



बरेली ने रामपुर को 1-0 से दी मात

15 सितंबर तक बढ़ी ऑनलाइन आ

# भूटान की यूनिवर्सिटी से रुविवि ने एमओयू किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सम्मेलन में ऑफलाइन और ऑनलाइन 115 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए
- पैनल डिस्कशन में कई विश्वविद्यालयों और संस्थानों के एक्सपर्ट शामिल हुए



भूटान में आयोजित सम्मेलन में मौजूद मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. केपी सिंह।

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने भूटान में एसएस पीजी कॉलेज, शाहजहांपुर, नोर्बुलिंग रिग्टर कॉलेज, रॉयल यूनिवर्सिटी ऑफ भूटान, इंडो गल्फ मैनेजमेंट एसोसिएशन, दुबई, जॉन करोल यूनिवर्सिटी, यूएसए और ग्लोबल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, काठमांडू नेपाल के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन किया। विश्वविद्यालय के गोल्डन जुबली समारोह के तहत हुए सम्मेलन में रॉयल कॉलेज भूटान से एमओयू भी किया गया। एमओयू से शिक्षक और छात्र एक्सचेंज जैसे कार्यक्रम संचालित होंगे। इस दौरान भूटान के अन्य संस्थानों के साथ एमओयू पर भी चर्चा हुई।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. केपी सिंह ने शैक्षिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए अपने विचार व्यक्त किये। कुलपति ने इंडियन एंबेसी में भी उपस्थिति दर्ज कराई।

सम्मेलन में ऑफलाइन मोड में 15 से अधिक और ऑनलाइन 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। पैनल डिस्कशन एवं शोधपत्र में एमजेपीआरयू, यूएस, दुबई, नेपाल, भूटान, प्रयागराज, दिल्ली, वाराणसी, गोरखपुर, मुंबई, राजस्थान के विश्वविद्यालयों और संस्थानों के एक्सपर्ट शामिल हुए। पेपर प्रेजेंटेशन में डॉ. रिपा सक्सेना, डॉ. चारु महरोत्रा, डॉ. कीर्ति प्रजापति, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. त्रिलोचन शर्मा, डॉ. अमित सिंह, अल्पना कटियार, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. जैनुल निशा, प्रो. संजीव गुप्ता, डॉ. रिचा सिन्हा, डॉ. भूमिका सिंह सेंगर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. निधि शंकर, जूही नसीम, डॉ. रवि शंकर, डॉ. अतुल सरोजवाल, कामिनी विश्वकर्मा, प्रो. अनुपम मेहरोत्रा आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सम्मेलन में संयोजिका प्रो. तूलिका सक्सेना, कुलसचिव संजीव कुमार सिंह, डीन एकेडमिक्स एनआरसी कॉलेज भूटान, प्रो. कर्मा दुक्पा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ. कुंजांग दुक्पा, लहाटो नाम्खा आदि मौजूद रहे।

# BHUTAN INTERNATIONAL CONFERENCE